केन्द्रीय विद्यालय, गोपेश्वर
जिला–चमोली –246401, उत्तराखण्ड

ई–मेलः- contractualkvg24@gmail.com, वैबसाइटः– Website:https://gopeshwar.kvs.ac.in

अंशकालीन आधार पर संविदा शिक्षकों के साक्षात्कार हेतु नोटिस (सत्र 2024–25)
Walk in Interview for contractual Teachers (Session-2024-25)

शैक्षणिक सत्र 2024–25 हेतु अंशकालीन आधार पर संविदा शिक्षकों का पैनल तैयार करने हेतु योग्य व इच्छुक अभ्यर्थियों से निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदन पत्र विद्यालय की वैबसाइट https//gopeshwar.kvs.ac.in से डाउनलोड किया जा सकता है। इच्छुक अभ्यर्थी पूर्णरूप से भरे हुए आवेदन पत्र स्कैन करके विद्यालय की ईमेल – contractualkvg24@gmail.com पर दिनॉक 12/08/2024 तक भेज सकते हैं। अंशकालीन आधार पर संविदा शिक्षकों की नियुक्ति हेतु साक्षात्कार दिनांक 16/08/2024 को प्रातः 10:00 बजे से सांय 05:00 बजे तक केन्द्रीय विद्यालय गोपेश्वर में आयोजित किया जायेगा। प्राप्त आवेदन पत्रों के आधार पर साक्षात्कार के लिये छंटनी किये गये योग्य अभ्यर्थियों की सूची 14/08/2024 को विद्यालय की वेबसाइट https//gopeshwar.kvs.ac.in पर अपलोड की जायेगी। अभ्यर्थियों द्वारा पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन पत्र, पासपोर्ट साईज फोटो, मूल दस्तावेज एवं उनकी प्रतियों सहित तदनुसार साक्षात्कार हेतु उपस्थित होगें। साक्षात्कार में सफल अभ्यर्थियों को रिक्त पद अथवा अवकाश आधारित रिक्त पद पर आवश्यकतानुसार नियुक्ति दी जायेगी जो कि पूर्णतया केन्द्रीय विद्यालय संगठन के नियमानुसार संविदा आधारित व्यवस्था है तथा किसी भी परिस्थिति में किसी भी अभ्यर्थी को केन्द्रीय विद्यालय संगठन में नियमित नियुक्ति हेतु अपनी दावेदारी का अधिकार नहीं होगा । विस्तृत जानकारी व आवेदन पत्र के प्रारूप हेतु विद्यालय की वैबसाइट का https//gopeshwar.kvs.ac.in का अवलोकन करें । पंजीकरण दिनांक 16/08/2024 को प्रातः 8:00 से 10:00 बजे तक होगा। किसी भी अभ्यर्थी को टी0ए0/डी0ए0 देय नहीं होगा। Recruitment Rules केन्द्रीय विद्यालय संगठन की आधिकारिक वैबसाइट kvsangathan.nic.in पर भी उपलब्ध हैं। पदों का विवरण निम्नवत् है–

क0सं0	पद एवं विषय	अनिवार्य योग्यता
1.	स्नात्कोत्तर शिक्षक –हिन्दी, अंग्रेजी, गणित, भौतिकी, रसायन, जीव विज्ञान, अर्थशास्त्र, कम्प्यूटर विज्ञान, इतिहास, भूगोल	मान्यता प्राप्त संस्थान व विश्वविद्यालय से संबंधित विषय में स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 50% अंक एव बी.एड. डिग्री
2.	प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक – हिन्दी, अंग्रेजी, गणित एवं संस्कृत	संबंधित विषय में स्नातक (न्यूनतम 50% अंक) एव बी.एड. डिग्री, एवं सी.टी.ई.टी.(पेपर–2)
3.	प्राथमिक शिक्षक	सीनियर सैकेण्डरी (न्यूनतम 50% अंक) एवं डी.एल.एड/बी.ई.एल.एड/डी.एड एवं सी.टी.ई.टी.(पेपर–1)
4.	कम्प्यूटर अनुदेशक	बी.सी.ए./बी.ई. या बी.टैक (कम्प्यूटर साइंस), एम.टैक (कम्प्यूटर साइंस), एम.सी.ए./एम.एस.सी. (कम्प्यूटर साइंस), एम.एस.सी. या एम.ए. के साथ पीजीडीसीए/ एम.एस.सी. या एम.ए. के साथ डीओईएसीसी ए लेवल
5.	योग अनुदेशक	मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से किसी भी विषय में स्नातक उपाधि या समकक्ष और मान्यता प्राप्त संस्थान से योग में एक वर्षीय प्रशिक्षण।
6.	नर्स	मान्यता प्राप्त संस्थान से नर्सिंग डिप्लोमा एवं नर्सिंग कांउसिल से पंजीकृत।
7.	परामर्शदाता	मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से बी.ए./बी.एस.सी. (Psychology) एवं काउंसलिंग में डिप्लोमा।
8.	विशेष शिक्षक (स्पेशल एजुकेटर)	मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक के साथ विशेष बी0एड0।

24/7/2024

प्राचार्या
के0वि0 गोपेश्वर
प्राचार्य Principal
के.वी. गोपेश्वर K.V. Gopeshwar